स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

06357

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खण्ड-क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 250-300 शब्दों में दीजिए।

1. उच्चरित और लिखित भाषा की विशेषताएं बताते हुए इनमें अन्तर स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

तार्किक लेखन की प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. 'निराला की साहित्य-साधना' के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

औपचारिक पत्र की विशेषताएं बताते हुए अपने संस्थान के प्रमुख को अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

खण्ड-ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए।

3. संवाद के किन्हीं दो रूपों का परिचय दीजिए। 5

अथवा

रचना-कौशल के किन्हीं दो पक्षों पर विचार कीजिए।

4. 'डायरी' और 'आत्मकथा' के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

'एकलव्य के नोट्स' की विषय-वस्तु पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

5. कार्यवृत्त तैयार करते समय किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए ? 5

अथवा

अपने क्षेत्र के सरकारी अस्पताल की स्थिति पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

खण्ड-ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए : **5x1=5**

(a) सर्जनात्मक लेखन का आशय बताइए।

(b) किसी रचना के शीर्षक में कौन-सा गुण अवश्य होना चाहिए ?

(c) संवादों के वर्गीकरण के दो आधार बताइए।

(d) 'भाव पल्वन' क्या होता है ?

(e) 'साक्षात्कार' को स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए। **10x1=10**

(a) हाव-भाव का प्रकार्य नहीं है :

(i) अभिव्यक्ति को जीवंतता देना

(ii) अभिव्यक्ति बाधित करना

(iii) अभिव्यक्ति का पूरक होना

(iv) अभिव्यक्ति को अर्थ देना

(b) "प्रभावी रचना वह होती है, जिसमें एक ढाँचे के अन्तर्गत प्रारंभ से अंत तक विषय को व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।" यह कथन :

(i) सत्य है (ii) असत्य है

(iii) आंशिक सत्य है (iv) आंशिक असत्य है

(c) निम्नलिखित में से किस विधा में निजता का पुट सर्वाधिक होता है ?

(i) यात्रा वृतांत (ii) संस्मरण

(iii) डायरी (iv) आत्मकथा

(d) निम्नलिखित में से कार्यवृत्त का अंग नहीं है :

(i) लिए गए निर्णयों का उल्लेख

(ii) सचिव का परिचय

(iii) पिछले कार्यवृत्त की पुष्टि

(iv) उपस्थित सदस्यों के नाम

(e) 'एकलव्य के नोट्स' के लेखक हैं :

(i) रेणु (ii) प्रेमचंद

(iii) मोहन राकेश (iv) महादेवी वर्मा

(f) 'डायरी' पर कौन-सी विशेषता लागू नहीं होती ?

(i) अपने बारे में लिखना

(ii) कल्पना के सहारे लिखना

(iii) आत्मावलोकन करना

(iv) प्रकाशन के लिए लिखना

(g) भाषा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है :

(i) सम्प्रेषित करना

(ii) भावों को छिपाना

(iii) अभिव्यक्ति को रोकना

(iv) मनोरंजन करना

(h) निमन्त्रण पत्रों की भाषा में प्राय: __________ संरचनाओं का प्रयोग होता है।

(i) रुढ़ (ii) अनौपचारिक

(iii) मानक (iv) औपचारिक

(i) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता जीवनी की नहीं है ?

(i) प्रामाणिक तथ्य (ii) श्रद्धा का भाव

(iii) वर्णन की तटस्थता (iv) कल्पना का आश्रय

(j) मौखिक सम्प्रेषण में शामिल है :

(i) बोलना (ii) भागना

(iii) मौन रहना (iv) लिखना